
DATE 30.9.24
PAGE No. 1

Tender Heart High School, Sec. 33-B, CHD.

कक्षा- आठवीं शिक्षिका- सुमन शर्मा
विषय- हिंदी व्याकरण ('अनेकार्थक शब्द' पृष्ठ-148)
('अंबर' से 'वार' तक) विलोम शब्द
पुस्तक- वीवा हिंदी व्याकरण-8 (अर्थ से आरंभ

प्यारे बच्चो! सुप्रभात!

आज हम हिंदी व्याकरण कक्षा-8 की पुस्तक आमोद के पृष्ठ-148 पर दिए अनेकार्थक शब्दों के बारे में पढ़ेंगे। यह कार्य आपको 30.9.24 को भेजा जा रहा है। वैसे तो आप अपनी पिछली कक्षाओं में भी इस विषय में पढ़ चुके हैं। अब हम पुनः इनका अवलोकन कर विषय की ओर अभिमुख होते हैं। सर्वप्रथम हम इनके कुछ उदाहरण देख लेते हैं।




ऊपर 'सर्प', '**बादल**' और '**हाथी**' के चित्र दिए हैं। इन तीनों को 'नाग' भी कहा जाता है; अत: हम कह सकते हैं कि 'नाग' शब्द के एक से अधिक अर्थ हैं।

**एक से अधिक अर्थ बताने वाले शब्द 'अनेकार्थी' शब्द कहलाते हैं।**

अनेकार्थी शब्द में प्रसंग के अनुसार अर्थ बदलता है।

जैसे–



(*i*) आम बहुत रसीला **फल** है। (एक फल)
(*ii*) बुरे काम का **फल** बुरा ही होता है। (परिणाम)



इसी प्रकार से एक अन्य उदाहरण देखिए – (पृष्ठ-1)

Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner


DATE 30.9.24
PAGE No. 2

कक्षा- आठवीं   शिक्षिका- सुमन शर्मा
विषय- हिंदी व्याकरण ('अनेकार्थक शब्द' पृष्ठ-148)

जब कोई एक शब्द अनेक अर्थों में प्रकट होता है , तो उसे अनेकार्थक शब्द कहा जाता है।



आज कल सोना अधिक मँहगा हो गया है
(स्वर्ण)



अधिक सोना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।
(शयन)

अनेकार्थी शब्द अर्थात् अनेक अर्थ वाले शब्द। वे शब्द जो विषय / प्रसंग के अनुसार अलग-अलग अर्थ में प्रयुक्त होते हैं, अनेकार्थी शब्द कहलाते हैं जैसे:- 'काल' शब्द के अर्थ हैं 'समय और मृत्यु'। उदाहरण:-(i) काल का चक्र तेज़ी से घूमा।
(ii) राम कई वर्षों से विदेश में रह रहा था, लेकिन यहाँ आते ही उसकी मृत्यु हो गई। सभी कहने लगे, उसे 'काल' यहाँ खींच लाया।

भिन्न-भिन्न परिस्थितियों में भिन्न-भिन्न अर्थ देने वाले शब्दों को 'अनेकार्थी' या अनेकार्थक शब्द कहते हैं। इनके प्रयोग से भाषा की सुंदरता बढ़ जाती है।

अब हम पृष्ठ-115 पर दिए अनेकार्थक शब्दों को पढ़ेंगे व लिखेंगे।



Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

कक्षा - आठवीं शिक्षिका - सुमन शर्मा
विषय - हिंदी व्याकरण (अनेकार्थकशब्द पृष्ठ-148)

| | शब्द | अनेकार्थक शब्द |
|---|---|---|
| 1. | अंबर | वस्त्र, आकाश, कपास, केशर, अभ्रक |
| 2. | अरुण | लाल रंग, सूर्य, शून्य, सिंदूर |
| 3. | कार्य | काम, पेशा, कामदेव |
| 4. | कनक | गेहूँ, सोना, धतूरा, पलाश, चंपा |
| 5. | मत | बिचार, वोट, नहीं, संप्रदाय, सम्मति |
| 6. | माँग | चाह, माँगने की क्रिया |
| 7. | वर्ण | रंग, अक्षर, जाति, भेद, वर्ण-व्यवस्था |

बच्चो! अब मैं आपसे कुछ विषय से संबंधित प्रश्न पूछ लेती हूँ। इन प्रश्नों के उत्तर लिखने के लिए यहाँ आप तीन मिनट का अवकाश लेंगे।

प्रश्न निम्नलिखित वाक्य पढ़कर रेखांकित शब्दों के अर्थ कोष्ठक में लिखें —

(क) छोटी बालिका माँ के <u>अंक</u> में सो रही है। (    )
(ख) छात्र परीक्षा <u>फल</u> जानने के लिए एकत्रित हुए। (    )
(ग) हाथी ने <u>कर</u> से महावत को अपनी पीठ पर बैठाया। (    )
(घ) श्रीराम जी ने एक ही <u>तीर</u> से बाली का वध कर दिया। (    )
(ङ) मेरे पिताजी ऊँचे <u>पद</u> पर कार्यरत हैं।



Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

DATE 30.9.24
PAGE No. 4

कक्षा- आठवीं शिक्षिका- सुमन शर्मा
विषय- हिंदी व्याकरण (अनेकार्थक शब्द पृष्ठ-148)

(च) जिसके भाग में जो लिखा होता है, उसे अवश्य मिलता है। ( )
(छ) मोती का पानी उतर गया है। ( )
(ज) श्रीराम रघुकुल के हैं। ( )
(झ) माँ बाज़ार से फल लाई।
(ञ) गाते समय तुम्हारा सुर ठीक नहीं था। ( )

बच्चो! अब आपका कालांश समाप्त हुआ।
इन शब्दों के अर्थ इस प्रकार हैं।

| | |
|---|---|
| (क) अंक - गोद | (ख) फल - परीक्षाफल, परिणाम |
| (ग) कर - सूंड़ | (घ) तीर - बाण |
| (ङ) पद - ओहदा, उपाधि | (च) भाग - भाग्य, हिस्सा |
| (छ) पानी - चमक | (ज) रघुकुल - राजा रघु के वंशज |
| (झ) फल - वृक्ष के फल | (ञ) सुर - स्वर |

अनुपयुक्त पर गोला लगाइए :-

(क) जलज - कमल, मोती, गंगा, चंद्रमा
(ख) तीर - किनारा, बाण, तेज़
(ग) हरि - विष्णु, शिव, ब्रह्मा, यमराज
(घ) गति - चाल, मोक्ष, स्थिति
(ङ) खर - गधा, बगुला, तीर।

बच्चो! यह कार्य यहीं हम आगे बढ़ाते हुए पढ़ते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 8. | घन | बादल, ठोस, घंटा, लोहा, हथौड़ा, घना |
| 9. | दल | समूह, पत्ता, सेना, भाग, पक्ष |
| 10. | कर | हाथ, करने की क्रिया, टैक्स, सूँड़, किरण |



Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

कक्षा- आठवीं शिक्षिका- सुमन शर्मा
विषय - हिंदी व्याकरण (अनेकार्थक शब्द पृष्ठ- 148)

| | शब्द | अनेकार्थक शब्द |
|---|---|---|
| 11. | शून्य | बिंदु, अभाव, आकाश, रिक्त स्थान |
| 12. | भाग | हिस्सा, भाग्य, भागने की क्रिया |
| 13. | पक्ष | पंख, तरफ़, दो सप्ताह, सहायक |
| 14. | हल | समाधान, खेत जोतनेवाला यंत्र |
| 15. | वार | दिन, प्रहार, आक्रमण |

बच्चो ! यह कार्य यहाँ समाप्त हुआ। सब बच्चों ने इस कार्य को ध्यान से सुना व पढ़ा होगा। अब मैं गृहकार्य देने जा रही हूँ।

गृहकार्य :-

इस कराए गए कार्य को सब बच्चे अपनी अभ्यास-पुस्तिका में लिखेंगे और याद करेंगे।

* लेख पर विशेष ध्यान दें।
* शब्दकोश का प्रयोग कठिन शब्द देखने के लिए करें।

धन्यवाद।

(अंतिम पृष्ठ-5)

Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

DATE 30.9.24
PAGE No. 1

Tender Heart High School, Sec. 33-B, CHD.

कक्षा- आठवीं शिक्षिका- सुमन शर्मा
विषय- व्याकरण (विलोम शब्द) (पृष्ठ-152-153)
(अर्थ से आरंभ)

पुस्तक- जीवा हिंदी व्याकरण-8

प्यारे बच्चो, सुप्रभात!
आज हम कक्षा आठवीं की पुस्तक के पृष्ठ-152 और 153 पर दिए विलोम शब्द पढ़ेंगे।

बच्चो! आज का हमारा विषय विलोम शब्द है। आप अपनी पिछली कक्षाओं में और इसी कक्षा के प्रथम सत्र में भी इनके विषय में पढ़ चुके हैं। आज हम फिर से इसके विषय में पढ़ेंगे। सब बच्चे पृष्ठ-152 खोलकर रख लें और पढ़ने के लिए तैयार हो जाएँ। विलोम शब्द का शाब्दिक अर्थ विपरीत या उल्टे शब्द हैं, जैसे- रात-दिन, पूर्व-पश्चिम, उल्टा-सीधा, आना-जाना आदि।

बच्चो! एकवचन का विलोम एकवचन में, तत्सम का तत्सम में तथा तद्भव का विलोम तद्भव में ही होगा। यदि बहुवचन में पूछा जाता है तो बहुवचन में ही विलोम शब्द होगा। इनको पढ़ने से ज्ञान में वृद्धि होती है। पिछले सत्र में हमने कॉलम-1 'अमृत से आदि' तक के विलोम शब्द पढ़ लिए हैं। अब कॉलम-2 के विलोम शब्दों को पढ़ेंगे। आओ! अब विलोम शब्द पढ़ते हैं—

| | शब्द | विलोम | | शब्द | विलोम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अर्थ | अनर्थ | 19. | आस्तिक | नास्तिक |
| 2. | अनुराग | विराग | 20. | खरा | खोटा |
| 3. | सुगंध | दुर्गंध | 21. | सत्य | असत्य |



Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

कक्षा- आठवीं शिक्षिका- सुमन शर्मा
विषय- व्याकरण (विलोम शब्द)(पृष्ठ-152-153)

| | शब्द | विलोम | | शब्द | विलोम |
|---|---|---|---|---|---|
| 4. | आलस्य | स्फूर्ति | 22. | शाश्वत | नश्वर |
| 5. | सजीव | निर्जीव | 23. | वरिष्ठ | कनिष्ठ |
| 6. | नवीन | प्राचीन | 24. | उपस्थिति | अनुपस्थिति |
| 7. | मानव | दानव | 25. | महँगा | सस्ता |
| 8. | चर | अचर | 26. | महात्मा | दुरात्मा |
| 9. | नूतन | पुरातन | 27. | योगी | भोगी |
| 10. | उत्थान | पतन | 28. | आशा | निराशा |
| 11. | माँसाहारी | शाकाहारी | 29. | चंचल | स्थिर |
| 12. | आदर | अनादर / निरादर | 30. | स्वागत | विदाई |
| 13. | सुमति | कुमति | 31. | आरोह | अवरोह |
| 14. | सपूत | कपूत | 32. | अनुकूल | प्रतिकूल |
| 15. | आयात | निर्यात | 33. | सज्जन | दुर्जन |
| 16. | स्वाधीन | पराधीन | 34. | शकुन | अपशकुन |
| 17. | स्वतंत्र | परतंत्र | 35. | आरंभ | अंत, समाप्ति |
| 18. | गमन | आगमन | | | |

बच्चो! हमने कॉलम-2 के सभी विलोम शब्द पढ़ लिए हैं। अब मैं आपको गृहकार्य करने को दे रही हूँ। सब बच्चे इस लिखित कार्य को करेंगे।

गृहकार्य:- सब बच्चे अध्यापिका द्वारा कराए गए कार्य को अपनी अभ्यास-पुस्तिका में लिखेंगे और याद करेंगे।

धन्यवाद।

(अंतिम पृष्ठ-2)

Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner